खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 30 से, हुनर को मिलेगा मंच

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः मंडलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 30 नवंबर से शुरू होगी। पहली बार चंपा देवी पार्क के मैदान में लगने वाली प्रदर्शनी में 110 स्टालों पर देश के कई राज्यों के खादी, ग्रामोद्योग और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल उत्पाद मिलेंगे। 14 दिसंबर तक लगने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद व सिने स्टार रवि किशन शुक्ल करेंगे।

खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े शिल्पकारों और उद्यमियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिल रहे प्रोत्साहन के बीच उनके हुनर को मंच देने और नए कारोबारी अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रदर्शनियों का आयोजन कराती है। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के परिक्षेत्रीय अधिकारी एके पाल ने बताया कि मंडल स्तरीय प्रदर्शनी में 110 स्टालों पर उत्तर प्रदेश समेत जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बंगाल, महाराष्ट्र के खादी, ग्रामोद्योग और ओडीओपी उत्पाद लोगों को लुभाएंगे। प्रदर्शनी में आगंतुक शिल्पकारों और ग्रामोद्योग उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों का अवलोकन करने के साथ उचित दर पर खरीदारी भी कर सकेंगे। प्रदर्शनी में स्टालों पर खादी के हर प्रकार के वस्त्र, सिल्क, टसर, ऊनी सदरी, जैकेट, ऊनी शाल, सूती खादी की रजाई, गद्दे, ऊनी कंबल, दरी, रेडीमेड एवं होजरी गारमेंट्स जैसे उत्पाद तो रहेंगे ही, यूपी के विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पाद की विस्तृत रेंज भी रहेगी।

इसके अलावा राजस्थान की बीकानेरी नमकीन व पापड़, सहारनपुर के फर्नीचर, कन्नौज की धूपबत्ती एवं अगरबत्ती, प्रतापगढ़ के अचार-मुरब्बा, आगरा एवं कानपुर के जूते-चप्पल, लखनऊ की चिकनकारी, भदोही के कालीन, कश्मीरी शाल, सूखे मेवे, घरेलू उपयोगी उपकरण और विभिन्न प्रकार के औषधीय उत्पाद लोगों को आकर्षित करेंगे। खादी के वस्त्रों पर छूट भी प्रदान की जाएगी। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात नौ बजे तक खुली रहेगी। रोजाना शाम को छह बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।